मनमानी | गैस एजेंसी संचालक की मनमानी से ग्राहक परेशान

# ऑनलाइन भुगतान के बाद भी ग्राहक से बदसलूकी





**कटंगी, नवभारत।** रस्सी जल गई बल नहीं गया यह कहावत तो आप सभी ने सुनी ही होगी। यह कहावत रतन शीला इंडेन गैस एजेंसी के संचालक के परिजन पर खूब बैठती है। एक समय था जब शहर में इंडेन गैस एजेंसी के अलावा कोई अन्य कंपनी की गैस एजेंसी संचालित नहीं थी तब इस एजेंसी के संचालक और उनके परिजन के दुर्व्यवहार और बदसलूकी ग्राहकों ने झेली और सहन भी की। किंतु अब समय बदल गया है शहर में एक नहीं बल्कि अन्य गैस कंपनियों की एजेंसी के एजेंट घर पहुंच सेवाएं दे रहे है। बावजूद इसके रतनशीला इंडेन गैस एंजेसी संचालक और उनके परिजन सीधे-सादे ग्राहकों से बदसलूकी करते है। ऐसा ही एक मामला हाल में सामने आया है। मुंदीवाड़ा निवासी मुकुंद विश्वकर्मा ने बताया कि गत दिवस 15 दिसबंर को उन्होंने गैस बुकिंग करवाई और पूर्व की तरह आनलाइन भुगतान भी कर दिया। लेकिन जब एजेंसी का वाहन गैस सिलेंडर लेकर घर पहुंच सेवा देने के लिए पहुंचा तो पैसों की मांग की गई। मुकुंद बताते है कि उन्होंने आनलाइन भुगतान की रसीद भी दिखाई लेकिन भुगतान नहीं मिलने की बात कहते हुए सिलेंडर नहीं दिया गया और एजेंसी के कार्यालय में संपर्क करने के लिए कहा गया जब वह कार्यालय पहुंचे और सिलेंडर का ऑनलाइन भुगतान किए जाने की बात बताने लगे तो उनके साथ बदसलूकी की गई।

रतन शीला इंडेन गैस एजेंसी के द्वारा समय-सीमा में घरेलू गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराने और कई बार घर पहुंच सेवा के नाम पर अधिक राशि लेने की शिकायत भी मिलते ही रहती है। ग्राहक अकसर एजेंसी के संचालक और उनके परिजन के दुर्व्यवहार की शिकायत करते है और यहां तक बताते है कि उन्हें गैस सिलेंडर नहीं दिए जाने की धमकी भी दी जाती है। इस एजेंसी की एक नहीं बल्कि कई बार सीएम हेल्पलाइन में शिकायत भी की गई है। नाराज ग्राहक ने स्थानीय स्तर पर खाद्य अधिकारी तक भी मौखिक शिकायत की लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने के कारण एजेंसी के संचालक और उनके परिजन के हौसले बुलंद है। यहां बताना जरूरी है कि सरकार द्वारा गैस की तय कीमत पर गैस एजेंसी को ग्राहकों के घर तक सिलेंडर पहुंचाना होता है। इसी में डिलीवरी मैन की मजदूरी भी शामिल होती है परंतु गैस एजेंसी के डिलीवरी मैन ग्राहकों से सिलेंडर घर पहुंचाने के अतिरिक्त पैसे वसूलते है और ग्राहक के कार्ड में सरकार की तय कीमत ही लिखते है। इन शिकायतों के देखते हुए जब ग्राहकों ने आनलाइन भुगतान का विकल्प चुना है तो अब भुगतान नहीं मिला इस बात को लेकर ग्राहकों को परेशान किया जा रहा है मुकुंद विश्वकर्मा नाम का ग्राहक ऐसी ही परेशानी से दो-चार हो रहा है। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज करवाई है।

# विद्युत मंडल के पेंशनरों ने राष्ट्रीय पेंशनर्स दिवस मनाया

▸ मुख्यमंत्री को भेजा दो सूत्रीय मॉगों का ज्ञापन



**वारासिवनी, नवभारत।** मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन बालाघाट द्वारा राष्ट्रीय पेंशनर्स दिवस मनाया गया, इस मौके पर सभी उपस्थित पेंशनर्स एवं फैमिली पेंशनर्स को पेंशनर्स दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए पेंशनर्स दिवस के संबंध में सभी पेंशनरों को जानकारी दी गई। सभी पेंशनरों को अंशदायी कैशलेश स्वास्थ्य बीमा के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए उसके लाभों से अवगत कराया गया तथा एसोसिएशन द्वारा की जा रही कार्यवाही से अवगत कराया गया।

**पेंशन की गारंटी व महँगाई राहत का भुगतान की मॉग**

बैठक में मध्यप्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को प्रेषित किए जाने वाले मांग पत्र को पढक़र अवगत कराया गया। जिसमें पेंशनरों की मुख्य दो मांगों क्रमश: मध्यप्रदेश शासन मध्यप्रदेश विद्युत मंडल के पेंशनर्स को पेंशन की गारंटी दे, जिससे पेंशनरों की पेंशन सुरक्षित हो सके एवं भारत सरकार के कर्मचारियों के अनुरूप महंगाई राहत का भुगतान किया जाए।

पेंशनर्स दिवस की अध्यक्षता महादेव पटले द्वारा की गई। इस अवसर पर आई डी पटले प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं संगठन सचिव, के एल गौतम अध्यक्ष एवं प्रांतीय प्रचार सचिव, जी एस नगपुरे, वी के भगत, महेंद्र सिंह राजपूत, आर पी करन, श्रीमती सरिता गुप्ता, श्रीमती सेजवंती बसने, श्रीमती सरिता ठाकरे उपस्थित रहे। इस अवसर पर सेवानिवृत एन के नागोत्रा और टी आर बिसेन का नव सदस्यों के रूप स्वागत किया गया। चूंकि आर एस सिंह का स्वर्गवास होने के कारण यशवंतराव पिपलेवार को कार्यवाहक सचिव मनोनीत सर्वसम्मति से किया गया और उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। अंत में कार्यक्रम अध्यक्ष द्वारा आभार व्यक्त किया गया और दिवंगत कर्मचारियों के प्रति दो मिनट का मौन रखकर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# प्रकृति और प्रवृत्ति से कवि थे मूलचंद तिवारी : सुधाकर शर्मा


श्रद्धांजलि सभा में स्मरण किया कवियों ने



**बालाघाट, नवभारत।** आज स्थानीय नाट्यकला परिषद के दादा बी मल्लिक उत्प्रेक्षागृह में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में वरेण्य कवि मूलचंद तिवारी का पुण्य स्मरण कर बालाघाट के कवियों - साहित्यकारों ने मूलचंद तिवारी के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया !उनके व्यक्तित्व - कृतित्व का स्मरण करते हुए कविवर मूलचंद तिवारी के दामाद और ख्यातिप्राप्त कवि ब्रजेश हजारी ने अछूते - भावप्रवण संस्मरण सुना कर उनकी प्रतिनिधि रचनाओं का पाठ किया! साहित्यकार पं.सुधाकर शर्मा ने अपने बीज वक्तव्य में मूलचंद तिवारी को प्रकृति और प्रवृत्ति से कवि निरूपित करते हुए उनके छंद विधान,भाषा और भावा भिव्यंजनाओं को रेखांकित किया! राजेन्द्र शुक्ल सहज ने अपने आत्मीय सम्बोधन में मूलचंद तिवारी के सदाशयी व्यक्तित्व और उदात्त कृतित्व पर प्रकाश डाला! जब कि डॉ. रामरिया और अशोक मिश्र ने मूलचंद तिवारी का श्रद्धास्मरण करते हुए न केवल उनके सहृदय कवि ही , अपितु वैयक्तिक सहजता का गुणानुवाद किया !कवि एवं व्याख्याता दशरिये जी ने उनके सारल्य में कवि के उदार पक्ष को भाषित किया ! ज्ञात हो कि मूलचंद तिवारी की बेटी श्रीमती नीलम हजारी हिंदी की व्याख्याता और प्रातिभ कवयित्री हैं !

# विष्णुधाम मंदिर हीरापुर में 205 फीट की विशाल श्री हनुमान प्रतिमा निर्माण को लेकर बैठक

▸ 30 वर्ष पूर्व रामटेक के श्री छोटू महाराज ने की थी भविष्यवाणी



**बालाघाट, नवभारत।** जिले के श्री विष्णुधाम मंदिर, हीरापुर में विश्व की सर्वाधिक ऊँची 205 फीट श्री हनुमान जी की प्रतिमा के निर्माण को लेकर एक ऐतिहासिक एवं भावनात्मक बैठक 14 दिसंबर रविवार को सम्पन्न हुई। बैठक में विशेष रूप से श्री किरण भाई त्रिवेदी जी, श्री वैभव कश्यप जी, श्री यज्ञेश लालू चावड़ा जी एवं श्री अभिजीत तुरकर जी सहित क्षेत्र के अनेक प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

**30 वर्ष पूर्व की भविष्यवाणी का स्मरण**

कार्यक्रम में बताया गया कि लगभग 30 वर्ष पूर्व रामटेक महाराज से मंदिर पधारे संत श्री छोटू जी महाराज ने भविष्यवाणी की थी कि— 'आने वाले 30 वर्षों में यह मंदिर आसपास के सात जिलों के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बनेगा और यहां भव्य धार्मिक निर्माण होंगे।' आज हिंदू मान्यताओं के अनुसार उनकी यह भविष्यवाणी सत्य होती दिखाई दे रही है, क्योंकि वर्ष 1995-2005 के पश्चात लगभग 30 वर्षों में श्री विष्णुधाम मंदिर में 205 फीट विशाल श्री हनुमान जी की प्रतिमा निर्माण को लेकर कार्ययोजना बनाई गई है ।

कार्यक्रम में उपस्थित श्री यज्ञेश लालू चावड़ा जी ने कहा कि 'श्री विष्णुधाम मंदिर सामाजिक एकता और धर्म का केंद्र है। 205 फीट हनुमान प्रतिमा बनने से यह स्थल राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध होगा। यह सपना किसी एक व्यक्ति का नहीं, पूरे समाज का है। सभी वर्गों का सहयोग इस कार्य को ऐतिहासिक बनाएगा।' इस अवसर पर श्री किरण भाई त्रिवेदी जी ने कहा कि 'श्री विष्णुधाम मंदिर केवल पूजा स्थल नहीं, बल्कि हमारी आस्था और संस्कृति की आत्मा है। 205 फीट हनुमान प्रतिमा का निर्माण क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक गौरव बनेगा। यह कार्य समाज की एकता से ही पूर्ण होगा। मुझे पूर्ण विश्वास है कि श्री राम और बजरंगबली की कृपा से यह संकल्प अवश्य साकार होगा । कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख वक्ता श्री वैभव कश्यप जी ने कहा कि 'भगवान श्री हनुमान शक्ति, सेवा और समर्पण के प्रतीक हैं। इतनी विशाल प्रतिमा का निर्माण युवा पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने का कार्य करेगा। यह परियोजना बालाघाट ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की पहचान बनेगी। उनके द्वारा बैठक में उपस्थित सभी धर्मप्रेमी जनों से जल्द से जल्द 205 फीट बड़ी हनुमान जी की मूर्ति बनाने के भूमिपूजन और जल्द से जल्द निर्माण का संकल्प दिलाया । और कहा कि हम सबको मिलकर इसे सफल बनाना है।' कार्यक्रम के अंत में मंदिर समिति ने सभी ग्रामवासियों, माताओं-बहनों, युवाओं एवं श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे इस ऐतिहासिक धार्मिक कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की है।



# मरार माली समाज ब्लॉक वारासिवनी के चुनाव हुए

▸ अशोक मरार ब्लॉक अध्यक्ष निर्वाचित

**वारासिवनी, नवभारत।** मरार माली समाज ब्लॉक वारासिवनी के चुनावों के लिए सामाजिकजनों की आम सभा राष्ट्रपिता ज्योतिबा फुले सामाजिक, सांस्कृतिक भवन वार्ड नम्बर 6 वारासिवनी में आयोजित की गई। इस चुनाव के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा 3 पर्यवेक्षकों क्रमश: अनिल मानेश्वर, बैजनाथ कावरे एवं पांचे जी को मनोनीत किया गया था।

**3 उम्मीदवारों के बीच हुआ मुकाबला**

पदाधिकारियों के निर्वाचन की प्रक्रिया दोपहर 2 बजे प्रारंभ की गई। जिसमे ब्लॉक अध्यक्ष पद हेतु 4 व्यक्तियों क्रमश: अशोक मरार, विनोद मात्रे, राजकुमार कावरे एवं लिखीराम जमरे द्वारा नामांकन पत्र जमा किए गए। पर्यवेक्षकों द्वारा नामांकन पत्रों की जॉच में सभी नामांकन पत्र सही पाये गए। जिसके बाद पर्यवेक्षकों ने सभी अभ्यर्थियों को आपसी समझौता करने का अवसर दिया। लेकिन इसमें सिर्फ लिखीराम जमरे द्वारा अपना नामांकन पत्र वापस लिया गया। इस प्रकार 3 अभ्यर्थियों के शेष रहने पर उनके बीच चुनाव करवाया गया। जिसमें उपस्थित सभी सामाजिकगणों ने मतदान में भाग लिया।

**जिला पदाधिकारी के लिए पॉच लोग हुए निर्विरोध निर्वाचित**

मतदान के बाद की गई मतगणना में सर्वाधिक मत अशोक मरार को प्राप्त होने पर पर्यवेक्षकों द्वारा उन्हें अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया।

# नैतिक शिक्षा को अपने जीवन में उतार कर सर्वांगीण विकास करें : मृणाल मीणा

स्काउट एवं गाइड का 7 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**वारासिवनी, नवभारत।** भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश जिला संघ द्वारा जिला प्रशिक्षण केंद्र टिहलीबाई स्कूल वारासिवनी में स्काउट गाइड के शिक्षकों का 7 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस 7 दिवसीय शिविर में प्रदेश के स्काऊट-गाईड के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण शिविर का समापन 15 दिसम्बर को कलेक्टर मृणाल मीना के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

इस अवसर पर वारासिवनी एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी सूर्यप्रकाश उके, तहसीलदार तीरथ प्रसाद अक्षरिया, भारत स्काउट गाइड जिला संघ अध्यक्ष छगन हनवत, आयुक्त के जी बिसेन, डॉ विजयकांत तिवारी, स्काउट गाइड के अन्य पदाधिकारी एवं प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले शिक्षक शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।

**लार्ड बेडन पावेल की प्रतिमा का किया गया अनावरण**

कार्यक्रम के प्रारंभ में कलेक्टर श्री मीना द्वारा स्काउट गाइड की स्थापना करने वाले लार्ड बेडन पावेल की प्रतिमा का अनावरण किया गया। समापन कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। उसके बाद कलेक्टर श्री मीणा का स्काऊट गाईड की ओर से प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

प्रशिक्षण व्यक्ति के भौतिक और मानसिक संतुलन को बेहतर बनाने में मदद करता है।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री मीना ने अपने संबोधन में कहा कि स्काउट और गाइड का प्रशिक्षण व्यक्ति के भौतिक और मानसिक संतुलन को बेहतर बनाने में मदद करता है। उन्होंने स्काउट और गाइड प्रशिक्षुओं से आग्रह किया कि वह नैतिक शिक्षा को अपने जीवन में उतारें, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने स्काउट और गाइड प्रशिक्षुओं को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्हें समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्काउट गाइड के टिहलीबाई स्कूल स्थित पुराने भवन के सुधार एवं मरम्मत आदि के लिए आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

**टिहलीबाई का शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान रहा है : छगन हनवत**

स्काउट गाइड जिला संघ अध्यक्ष छगन हनवत ने कार्यक्रम के प्रारंभ में बताया कि टिहलीबाई द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान देते हुए स्कूल भवन के लिए यह भूमि दान की गई थी। दान की गई भूमि पर बना यह भवन लगभग 80 साल पुराना हो गया है। इस भवन के एक हिस्से में भारत स्काउट गाइड जिला संघ का कार्यालय संचालित किया जा रहा है और इसमें स्काउट गाइड को प्रशिक्षण दिया जाता है। इस अवसर पर स्काउट गाइड जिला संघ पदाधिकारी पंचम हनवत, भेजेंद्र चौधरी, ललित मिश्रा, ईनेंद्र डहरवाल, डॉ. नीरज अरोरा, सुरेश कुर्वे, लखपति बिसेन, हरिप्रसाद देशमुख एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



# नगरीय क्षेत्रों में भूमिहीनों को पट्टा वितरण के लिए सीएमओ की बैठक

**बालाघाट, नवभारत।** संचालनालय, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा नगरीय क्षेत्रों के भूमिहीन व्यक्तियों (पट्टाधृति अधिकारों का प्रदान किया जाना) को अधिनियम, 1984 के अंतर्गत आवासीय भूमि के पट्टे प्रदान किए जाने संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इन निर्देशों के अनुसार सर्वेक्षण सूची का प्रथम प्रकाशन 19 दिसंबर 2025 को किया जाना है। इसी संबंध में संयुक्त कलेक्टर एवं परियोजना अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण बालाघाट श्री राहुल नायक की अध्यक्षता में 18 दिसंबर 2025 को जिले के समस्त मुख्य नगरपालिका अधिकारियों (नगरपालिका एवं नगर परिषद) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि सर्वे दलों का गठन 27 नवंबर 2025 के पश्चात भूमिहीन व्यक्तियों का सर्वे प्रारंभ कर दिया गया था। समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि नगरपालिका परिषद बालाघाट के सर्वेक्षण दल के प्रभारी श्री गुलाबचंद लटारे, राजस्व निरीक्षक को सर्वे किए गए हितग्राहियों की वास्तविक संख्या की जानकारी नहीं थी। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद बालाघाट को श्री गुलाबचंद लटारे के विरुद्ध कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही बैठक में जिले के सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सर्वेक्षण सूची का प्रथम प्रकाशन 19 दिसंबर को अनिवार्य रूप से जिला कार्यालय, ई-नगरपालिका पोर्टल, एन.आई.सी. वेबसाइट, जिला बालाघाट तथा संबंधित नगरीय निकायों के वार्डों में सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित कराया जाए।




# प्राध्यापकों ने नेवरगांव एवं बड़गांव विद्यालयों में बच्चों से किया संपर्क

**वारासिवनी, नवभारत।** मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 'कॉलेज चलो अभियान' शासकीय शंकर साव पटेल कला, वाणिज्य एवं विधि महाविद्यालय वारासिवनी में सत्र 2026-27 के अन्तर्गत महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 एस. एस. गेड़ाम के मार्गदर्शन में 'कॉलेज चलो अभियान' के अन्तर्गत महाविद्यालय के डॉ. अनिरूद्ध सिंह काकोडिया सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र एवं डॉ. मनोज गजभिये अ.वि. रसायन शास्त्र द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला नेवरगांव वा एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बडग़ांव में जाकर छात्र-छात्राओं से संपर्क स्थापित किया गया।

इस दौरान उन्होंने कक्षा 12 वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को नवीन शिक्षा नीति के अन्तर्गत पाठ्यक्रम, मेजर, माइनर एवं अन्य विषयों का चयन, अन्य शैक्षणिक गतिविधियाँ, छात्रवृत्तियाँ, योजनाएँ, खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी दी। इस संपर्क का उद्देश्य उच्चतर माध्यमिक शालाओं के छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में प्रवेश से लेकर परीक्षा तक की जानकारी देना था, जिससे छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में प्रवेश लेते समय किसी भी प्रकार की कोई समस्या ना हो। महाविद्यालय में प्रवेश से संबंधित हेल्प डेस्क स्थापित की गयी है, जिससे उन्हें प्रवेश से संबंधित होने वाली समस्याओं के साथ अन्य प्रकार की समस्याओं का भी निराकरण किया जा सके। महाविद्यालय द्वारा अन्य उच्चतर माध्यमिक शालाओं में समय-समय पर संपर्क स्थापित किया जायेगा, जिसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं को उनके अध्ययन एवं कॅरियर में आने वाली समस्या का समाधान करना है।

लोगों में रोष | वार्डवासियों को करना पड़ रहा जल संकट का सामना

# पीएमश्री स्कूल की हठधर्मिता : चल रहे निर्माण कार्यों से नागरिक हो रहे परेशान





**किरनापुर,नवभारत।** तहसील मुख्यालय स्थित पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में चल रहा निर्माण कार्य वार्डवासियों के लिए मुसीबत का सबब बन गया है। स्कूल प्रबंधन द्वारा बाउंड्री वॉल निर्माण के लिए करवाई गई कॉलम की खुदाई के दौरान लापरवाही बरतने से वार्ड नंबर 14 की मुख्य पेयजल पाइपलाइन टूट गई, जिससे पूरे क्षेत्र में जल संकट गहरा गया है।

**चेतावनी को किया अनसुना, प्रशासन का झाड़ा रौब**

मिली जानकारी के अनुसार, स्कूल प्रबंधन जब कॉलम के लिए गड्ढों की खुदाई करवा रहा था, तब स्थानीय निवासियों ने शिक्षकों से आग्रह किया था कि पाइपलाइन को बचाने के लिए कम से कम एक से दो फीट की जगह छोड़कर खुदाई की जाए। लेकिन स्कूल के शिक्षकों ने वार्डवासियों की इस जायज मांग को सिरे से नकार दिया और अपनी मनमर्जी चलाते हुए खुदाई जारी रखी। हजारों लीटर पानी बर्बाद, घरों में सूखे नल जेसीबी मशीन से की गई अनियंत्रित खुदाई के कारण नल-जल योजना की मेन पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। इसके चलते करीब डेढ़ घंटे तक हजारों लीटर शुद्ध पेयजल मैदान में बहकर व्यर्थ हो गया। पाइपलाइन टूटने से वार्ड नंबर 14 के घरों में पानी की सप्लाई पूरी तरह ठप हो गई है, जिससे लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं।

**पीटीआई की बदसलूकी**

मामले ने तब और तूल पकड़ लिया जब वार्ड की महिलाएं शिकायत लेकर विद्यालय पहुंचीं। आरोप है कि वहां मौजूद पीटीआई विजय बोपचे ने महिलाओं की समस्या सुनने के बजाय उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। महिलाओं का कहना है कि पीटीआई ने रौब झाड़ते हुए दो टूक शब्दों में कहा— 'जो बनता है कर लो।' शिक्षक के इस अड़ियल और अपमानजनक व्यवहार से वार्डवासियों में भारी आक्रोश है।

**एसडीएम से शिकायत, कार्रवाई की मांग**

पानी की समस्या और शिक्षक के व्यवहार से नाराज महिलाओं ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) किरनापुर के नाम एक शिकायती आवेदन तैयार किया है। आवेदन में मांग की गई है कि क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को तत्काल सुधार कर पेयजल बहाल किया जाए। महिलाओं से अभद्रता करने वाले पीटीआई विजय बोपचे पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। शासकीय कार्यों में स्थानीय जनता की सुविधाओं का ध्यान रखा जाए। फिलहाल, वार्ड के लोग पाइपलाइन सुधरने का इंतजार कर रहे हैं और स्कूल प्रबंधन के खिलाफ अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं।